प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: 01 **जुलाई** , 2021

श्री सतीश अग्निहोत्री ने संभाला नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक का कार्यभार

रेल विकास निगम लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री सतीश अग्निहोत्री (आईआरएसई:1982) (सेवानिवृत्त), ने 01 जुलाई, 2021 को नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने 1982 में आईआईटी, रुड़की से बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (सिविल) और 1984 में मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चर) किया है, और साल 2013 में उन्हें आईआईटी, रुड़की द्वारा विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

श्री अग्निहोत्री को मेगा रेल अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने लगभग 9 वर्षों तक रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया है, जो रेल मंत्रालय के तहत अनुसूची 'क' स्तर की सीपीएसई है। उन्होंने जुलाई 2012 में इसकी स्थापना से लेकर अगस्त 2018 तक हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसआरसी) के अध्यक्ष का पद भी संभाला, जो आरवीएनएल की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एचएसआरसी उच्च गति संबंधित विभिन्न अध्ययन करने हेतु भारतीय पक्ष की समकक्ष एजेंसी थी, जिसने चीन, स्पेन आदि के साथ सरकार-से-सरकार के आधार पर कार्य किए और हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के व्यवहार्यता से संबंधित 5 अध्ययन पूरे किए।

सीएमडी/आरवीएनएल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, आरवीएनएल ने 3000 किमी सड़क मार्ग का दोहरीकरण/तेहरीकरण, 880 किमी मीटर गेज ट्रैक को ब्रॉड गेज में बदलने, 3000 किमी का रेलवे विद्युतीकरण, 85 किमी नई लाइनों का विकास, 6 कारखानों का विसार और कई महत्वपूर्ण पुलों सहित 7000 किमी की लंबाई की परियोजना को पूरा किया। आंध्र प्रदेश में एक नई लाइन परियोजना के तहत 25 महीने के रिकॉर्ड समय में 7 किमी लंबी सुरंग का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया।

सुषमा गौरी
प्रवक्ता/
अपर महाप्रबंधक/कॉर्प कॉम
एनएचएसआरसीएल
दूरभाष 9810296813